भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4343

दिनांक 28, मार्च 2017 के लिए प्रश्न

विषय: राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत आवंटन

4343. श्रीमती रंजीत रंजनः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्वदेशी मवेशी किस्मों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन शुरू किया है और 14 गोकुल ग्रामों की स्थापना हेतु लक्ष्य निर्धारित किया है जो स्वदेशी मवेशी किस्मों के विकास और संरक्षण हेतु केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे;

(ख) यदि हां, तो राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत अब तक राज्य-वार कितने गोकुल ग्राम स्थापित किए गए/विकसित किए गए हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इस शीर्ष के अन्तर्गत कितनी धनराशि आंवटित और खर्च की गई है और प्रत्येक केन्द्र के विकास पर कितनी धनराशि खर्च की जाएगी;

(घ) इन केन्द्रों में विकसित की गई नई प्रजातियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या इन केन्द्रों के लिए देश में प्रशिक्षित लोगों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

श्री सुदर्शन भगत

(क) जी हां। भारत सरकार ने विशिष्ट रूप से देसी नस्लों के वैज्ञानिक और समेकित रूप से विकास और संरक्षण के लिए देश में पहली बार 500 करोड़ रुपए के आबंटन से दिसम्बर, 2014 में राष्ट्रीय गौकुल मिशन प्रारंभ किया है। इस योजना के अंतर्गत गौकुल ग्रामों की स्थापना की जा रही है, जो देसी गोपशु नस्लों के विकास और सुरक्षा केंद्रों के रूप में कार्य करेंगे।

(ख) इस योजना के अंतर्गत देश में 14 गौकुल ग्रामों की स्थापना के लिए निम्नानुसार निधियां जारी की गई है:-

राज्य	गौकुल ग्रामों की संख्या
आंध्र प्रदेश	1
छत्तीसगढ़	2
गुजरात	1
हरियाणा	2
कर्नाटक	1
महाराष्ट्र	3
मध्य प्रदेश	1
पंजाब	1
उत्तर प्रदेश	2
कुल	14

(ग) राष्ट्रीय गौकुल मिशन के अंतर्गत पिछले 2 वर्षों के दौरान वर्तमान वर्ष के दौरान राज्य-वार तथा वर्ष-वार जारी निधियों का ब्यौरा अनुबंध-। पर दिया गया है।

(घ) इन केंद्रों का उद्देश्य राष्ट्रीय पशु आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो द्वारा मान्तया प्राप्त विद्यमान देसी नस्लों का विकास और संरक्षण करना है।

(ड.) इन योजना के अंतर्गत, इसके कार्यान्वयन के लिए जनशक्ति के प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था की गई है।

......

अनुबंध -I

28.3.2017 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4343 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित विवरण

राष्ट्रीय बोवाईन प्रजनन तथा डेयरी विकास कार्यक्रम के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय गौकुल मिशन के कार्यान्वयन के लिए जानी निधियां

लाख रुपए में

क्र.सं.	राज्य	2014-15	2015-16	2016-17
1	आंध्र प्रदेश	400.00		0
2	अरुणाचल प्रदेश	0.00	111.00	0
3	असम	150.00		0
4	बिहार	0.00	350.00	0
5	छत्तीसगढ़	729.00		0
6	गुजरात	0.00	803.22	0
7	हरियाणा	200.00		1000.00
8	हिमाचल प्रदेश	350.00		0
9	जम्मू और कश्मीर	0.00	25.00	0
10	झारखंड	35.00		200.00
11	कर्नाटक	0.00	60.00	0
12	केरल	250.00	400.00	200.00
13	मध्य प्रदेश	2000.00	1881.50	500.00
14	महाराष्ट्र	100.00		1250.00
15	मणिपुर	450.00	280.02	220.82
16	मिजोरम	0.00	50.45	0
17	नागालैंड	448.00	350.10	31.91
18	ओडिशा	856.00		900.00
19	पंजाब	0.00	600.00	0
20	राजस्थान	300.00		0
21	सिक्किम	450.00		0
22	तमिलनाडु	1776.00		750.00
23	तेलंगाना	300.00		0
24	त्रिपुरा	417.00		327.00
25	यूपी	800.00	200.00	0
26	उत्तराखंड	500.00		500.00
27	पश्चिम बंगाल	0.00	480.28	0
	कुल	10511.00	5591.57	**5879.71**

टिप्पण: सरकार द्वारा दिसम्बर, 2014 में प्रारंभ